ISO 9001:2015 CERTIFIED

"सकारात्मक सोच से बड़ी कोई शक्ति नहीं होती।"

साप्ताहिक

# नीमच हेडलाइन्स

डाक पंजीयन क्रमांक मंदसौर 407/2025-27

पंजीयन क्रमांक- MPHIN/2018/76962

अंचल का तेज़ी से बढ़ता न्यूज़ नेटवर्क...

NEEMUCH HEADLINES

ख़बर वही, जो हम दिखाते है...

संस्थापक- स्व.इंद्रदेव जी जाजपुरा

प्रधान सम्पादक - अविनाश जाजपुरा

साप्ताहिक समाचार पत्र,एप, वेब पोर्टल और न्यूज़ चैनल

वर्ष - 08 | अंक- 21 | नीमच, बुधवार 12 से 18 नवम्बर 2025 तक | कुल पृष्ठ - 08 | मूल्य - 5 रू

## न्यूज गैलेरी

### मिक्सर ट्रक में डोडाचूरा की तस्करी

### CBN ने जावरा के माननखेड़ा टोल पर की बड़ी कार्यवाही



**नीमच** डिप्टी नारकोटिक्स आयुक्त निखिल गांधी के नेतृत्व में सीबीएन टीम ने बडी कार्यवाही करते हुए जावरा के पास मानानखेड़ा टोल प्लाजा पर एक टाटा कंक्रीट मिक्सर ट्रक वाहन को उसके चालक सहित रोका। इस गाड़ी की तलाशी लेने पर मिक्सिंग ड्रम में छिपाकर रखा गया 1145 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया गया।

### मनासा से जोधपुर जा रहा था डोडाचूरा

विशिष्ट खुफिया जानकारी मिलने के बाद कि गुजरात के पंजीकरण वाला एक टाटा कंक्रीट मिक्सर ट्रक वाहन मनासा क्षेत्र से जोधपुर क्षेत्र की ओर कंक्रीट मिक्सिंग ड्रम में छुपाकर डोडाचूरा जोधपुर जा रहा था।

### 61 बैगों में किया पैक- ड्रम में भरा

1145.000 किलोग्राम वजन का डोडाचूरा में 61 बैगों में भरा हुंआ था जिसे ड्रम में पैक



किया गया था। डाचूरा और उक्त वाहन को जब्त कर लिया गया है और स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के संबंधित प्रावधानों के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

# मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा स्मरण पत्र

## पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लागू हो सहित पत्रकार हितों की 6 सुत्रीय मांगो को लेकर पत्रकारो ने निकाली विशाल वाहन रैली

### • जिलेभर से आए पत्रकार साथियों ने अपने हक की आवाज बुलंद की • पत्रकार हितों की मांगो का मुख्यमंत्री शीघ्र निराकरण करे -जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन


**नीमच, सिंगोली** । पत्रकार हितों की 6 सुत्रीय मांगो को लेकर 11 नवंबर को नीमच जिला मुख्यालय पर जिलेभर से आए पत्रकारों ने जंगी प्रदर्शन करते हुए विशाल वाहन रैली निकाली जो दोपहर 2 बजे शिवाजी सर्किल से शुरू हुई जो फव्वारा चौक कमल चौक फोर जीरो गोमाबाई अस्पताल रोड़ होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची जहां पर जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन प्रभारी भेरुलाल टांक रतलाम कार्यकारी अध्यक्ष चेन सिंह सोलंकी महासचिव अविनाश जाजपुरा सहित अनेक वरिष्ठ पत्रकार साथियों के साथ मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि संयुक्त कलेक्टर चन्द्र सिंह जी धार्वे को स्मरण पत्र सौपा। जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन ने बोलते हुए बताया कि विगत 6 माह पहले मुरेना में आयोजित महाअधिवेशन में मुख्यमंत्री मोहन यादव पधारे थे और उन्हें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया ने पत्रकार हितो की 6 सुत्रीय मांगो का ज्ञापन दिया था इस पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पत्रकार हितों की मांगो का शीघ्र ही निराकरण करने का आश्वासन दिया था परन्तु 6 माह बीत चुके पर अभी तक सकारात्मक परिणाम नही मिले इसलिए आज हम पत्रकार साथियों को मजबुर होकर पुरे प्रदेश में जिला मुख्यालय पर प्रभावी रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम स्मरण पत्र दिया गया हैं। जैन ने बताया कि स्मरण पत्र के बाद भी सरकार का ध्यान नही गया तो मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व भोपाल में जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। आज के इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन कार्यकारी जिलाध्यक्ष चेन सिंह सोलंकी महासचिव अविनाश जाजपुरा प्रभारी भेरुलाल टांक संजय शर्मा विमल जैन राकेश सोन गोपाल दास बैरागी एम डी मंसुरी महेश जैन विनोद धनोतिया आशीष बैरागी हेमंत शर्मा राजेश कोठारी मेहबूब मेव निरंजन शर्मा राजेंद्र भट्ट अनिल लक्ष्यकार नारायण सोमानी राकेश मालवीय पवन शर्मा मनीष बागड़ी कोमल दास बैरागी राकेश पुरोहित अशोक व्यास प्रदीप तिवारी मुकेश माहेश्वरी सुनील नागोरी कोशल व्यास राजकुमार जैन सोनु शास्त्री अवध शर्मा अलखराय पुरोहित सहित सैंकड़ों पत्रकार साथी उपस्थित थे।








## नीमच में दर्दनाक हादसाः निर्माणाधीन टंकी से गिरा मजदूर, सीने में धंसा सरिया, इलाज के दौरान मौत





**जीरन** नगर परिषद क्षेत्र में रविवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। अमृत 2.0 योजना के तहत बन रही पानी की टंकी के निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर की ऊंचाई से गिरने पर मौत हो गई। गिरने के बाद लोहे का सरिया उसके सीने में आर-पार धंस गया, जिससे गंभीर रूप से घायल मजदूर ने इंदौर के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक, मृतक नेमीचंद (35) मल्हारगढ़ निवासी था और ठेकेदार का बुआ का लड़का बताया जा रहा है। वह टंकी निर्माण स्थल पर निरीक्षण कर रहा था, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे जा गिरा। नीचे लगे कॉलम के सरियों में फंसने से एक सरिया उसके सीने के आर-पार निकल गया। मौके पर मौजूद मजदूरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद सरिया काटकर नेमीचंद को बाहर निकाला गया। एंबुलेंस पायलट दशरथ व्यास और ईएमटी ज्ञानेश धनगर की मदद से उसे नीमच जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहाँ हालत गंभीर होने पर उसे निजी अस्पताल और फिर इंदौर रेफर किया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। उनका कहना है कि यदि सुरक्षा उपकरण और एहतियाती उपाय अपनाए जाते, तो यह हादसा रोका जा सकता था। लोगों ने ठेकेदार पर मजदूरों की सुरक्षा की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## नीमच मेडिकल कॉलेज के छात्रों का विरोध प्रदर्शन

# 4 किलोमीटर दूर ड्यूटी से बढ़ी मुश्किलें

## सड़क निर्माण एवं बस सेवा शुरु करने की मांग तेज

**नीमच** । वीरेंद्र कुमार सखलेचा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के छात्रों ने मंगलवार दोपहर जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने प्रशासन से अपील की कि कॉलेज और जिला चिकित्सालय के बीच नियमित बस या वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें आने-जाने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। छात्रों ने बताया कि उनकी क्लीनिकल असिस्टिंग ड्यूटी जिला चिकित्सालय में लगाई गई है, जो कॉलेज से लगभग चार किलोमीटर दूर स्थित है। फिलहाल वहां तक पहुंचने के लिए न तो कोई सार्वजनिक परिवहन सुविधा है और न ही कॉलेज की ओर से कोई वाहन की व्यवस्था की गई है। इसके कारण उन्हें रोजाना अस्पताल तक पहुंचने में भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिस मार्ग से वे अस्पताल जाते हैं, वहां फिलहाल सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। इस वजह से सफर और भी कठिन हो गया है तथा समय पर ड्यूटी पर पहुंचना मुश्किल हो जाता है। छात्रों ने अपनी मांग में स्पष्ट कहा कि वे चाहते हैं कि चिकित्सा सेवाओं में कोई बाधा न आए और वे समय पर अपनी ड्यूटी निभा सकें। इसके लिए नियमित बस सेवा या कॉलेज से परिवहन व्यवस्था शुरू की जाए। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन जल्द ही उनकी इस समस्या का समाधान करेगा ताकि पढ़ाई और ड्यूटी दोनों सुचारु रूप से जारी रह सकें।



# सरदार पटेल की प्रतिमा पर सांसद, विधायक एवं कलेक्टर ने किया मल्यार्पण



**नीमच**। सरदार श्री वल्लभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सी.आर.पी.गेट नीमच पर लौह पुरूष सरदार श्री वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री सुधीर गुप्ता, पूर्व मंत्री एवं जावद क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच क्षेत्र के विधायक श्री दिलीप सिह परिहारएवं कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने देश की अखण्डता एवं एकता में लोह पुरूष सरदार श्री वल्लभ भाई पटेल के योगदान का स्मरण करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एसडीएम श्री संजीव साहू, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, सांसद प्रतिनिधि श्री सत्यनारायण गोयल, श्री नीलेश पाटीदार, श्री संतोष चौपड़ा, पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों केअधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## किसान एवं व्यापारी सम्मेलन के साथ नीमच में यूनिटी मार्च पदयात्रा का हुआ समापन

# सरदार पटेल के व्यक्तित्व से प्रेरित प्रधानमंत्री जी ने आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत बनाने का संकल्प लिया है- सांसद गुप्ता

**नीमच**। सरदार श्री वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व से प्रभावित एवं प्रेरित होकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लिया है। यह बात सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने नीमच के अम्बेडकर चौराहे पर यूनिटी मार्च पदयात्रा के समापन अवसर पर आयोजित किसान एवं व्यापारी सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक श्री दिलीप सिह परिहार, नीमच न.पा.अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल एवं उनकी टीम, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्री उमराव सिह गुर्जर एवं श्री मोहन सिह राणावत एवं अन्य जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। सांसद श्री गुप्ता ने कहा, कि इस यात्रा का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत बनाना है। उनहोने कहा, कि 2030 तक मंदसौर संसदीय क्षेत्र के सभी खेतों में सिंचाई का पानी पहुंचेंगे। कृषि को सिंचाई सुविधाओं से जोड़ने का काम प्रधानमंत्री जी व प्रदेश के मुख्यमंत्री कर रहे है। देश में आज सकारात्मक बदलाव एवं विकास नजर आ रहा है। विधायक श्री परिहार ने कहा, कि गांधी सागर का पानी सिंचाई के लिए जिले के सभी खेतों में पहुचाने के लिये काम प्रारंभ हो गया है। गांधी सागर के पानी से सिंचाई कर किसान तीन- तीन फसल लेंगे और आत्मनिर्भर बनेंगे। प्रारंभ में अतिथियों ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर एवं पूर्व विधायक श्री खुमानसिह शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्जवलित कर पदयात्रा समापन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पहले



नीमच सीटी रोड़ पर एक मेरिज गार्डन में आयोजित सामाजिक कार्यकर्ता सम्मेलन में अतिथियों ने भाग लिया। इस मौके पर अतिथियों ने आयोजित नशामुक्ति प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अतिथियों ने सामाजिक कार्यकर्ता सम्मेलन में पीएम स्वनिधि योजना के 18 हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये और 22 दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राईसिकल व्हील चेयर, छड़ी, श्रवण यंत्र, बैसाखी व कृत्रिम अंग,, उपकरण भी वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन श्री अर्जुन सिसोदिया ने किया। श्री दारासिह यादव, श्री महेन्द्र भटनागर, श्री हेमन्त हरित, श्री आदित्य मालू, श्रीमती मीना जायसवाल एवं सुश्री ममता नागदा ने अतिथियों का स्वागत किया। यह पदयात्रा धनेरिया कला से प्रारंभ होकर बघाना, नीमच केंट एवं नीमच सिटी होते हुए अम्बेडकर चौराहा पर आकर समापन हुआ। यात्रा के दौरान अतिथियों ने महापुरूषों की प्रतिमाओं और शहीद स्मारक पर माल्यार्पण भी किया। यात्रा के दौरान आमजनों में अपार उत्साह देखने को मिला।

# 69वीं राज्य स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में तीसरे दिन रहा उज्जैन संभाग का दबदबा

## 2 स्वर्ण 1 रजत व 4 कास्य पदक किए हासिल

**नीमच**। उज्जैन का प्रतिनिधित्व करते हुए नीमच की काजल सालवी ने जीता आज की प्रतियोगिता का पहला स्वर्ण पदक 69वीं शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का अयोजन 7 से 11 नवंबर 2025 तक श्रीनाथ मैरिज गार्डन नीमच सिटी नीमच में किया जा रहा है। जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती सावित्री मालवीय एवं प्रतियोगिता फिल्ड ऑफिसर श्री भरत सिंह कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया, कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन 09 नवंबर.2025 को कई रोचक एवं कशमकश भरे मुकाबले हुए ,जिसमे सभी खिलाड़ियो ने शानदार फाईट का प्रदर्शन किया । रविवार को हुई प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे- 19 वर्ष आयु वर्ग में बालिकाओं के परिणाम इस प्रकार रहे-36 कि.ग्रा. में प्रथम-काजल सालवी- उज्जैन संभाग , द्वितीय- अतिथि गुप्ता- जबलपुर, तृतीय-नेहा- ग्वालियर एवं तनु शिलकर- जनजाति विकास 48 कि.ग्रा. में प्रथम-अशिंका शर्मा - भोपाल, द्वितीय-वशिंका नागडोल -उज्जैन, तृतीय-असमिता- नर्मदापुरम एवं सिमरन जाटव-ग्वालियर तथा -70 कि.ग्रा. में प्रथम-जयश्री -इन्दौर द्वितीय- कायशा- भोपाल, तृतीय-रेबेका- उज्जैन एवं खुशबु नर्मदापुरम तथा 70 कि.ग्रा. से अधिक में प्रथम-शैलि गुप्ता- इन्दौर द्वितीय- जुलसी- भोपाल तृतीय-मिनाक्षी- जनजाति विकास एवं स्तुति- ग्वालियर रहे हैं। 19 वर्ष आयु वर्ग बालक -60 कि.ग्रा. में प्रथम- मयंक -ग्वालियर, द्वितीय- नितिन- भोपाल, तृतीय- शौरय- जबलपुर एवं आकाश- उज्जैन 66 कि.ग्रा. में प्रथम-मानस -नर्मदापुरम, द्वितीय- हर्ष-जबलपुर , तृतीय- आजाद-उज्जैन एवं दिपेन्द्र- ग्वालियर तथा 73 कि.ग्रा. में प्रथम- गौरव -उज्जैन, द्वितीय-सोहन -भोपाल, तृतीय- मोहम्मद अयर -इन्दौर एवं हरिओम- ग्वालियर 81 कि.ग्रा. में प्रथम- हरजीस सिंह -भोपाल, द्वितीय- अल्तमस- इन्दौर तृतीय- उमाकांत-जबलपुर एवं आयुष -उज्जैन रहे हैं। प्रतियोगिता मे सभी विजेता खिलाड़ियों को जिला शिक्षा अधिकारी नीमच सुजानमल मांगरिया, सहायक संचालक शिक्षा,श्री मनोज जैन, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती सावित्री मालवीय एवं प्रतियोगिता फिल्ड ऑफिसर श्री भरत सिंह कुमावत एवं प्राचार्य ज्ञानवर्धन श्रीवास्तव ,मनोज किमती ,विकाश सालवी,एवं शिक्षको ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया ।

# डी.एम.द्वारा आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिलों में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक संदेश, फोटो, वीडियों लाईक शेयर, फारवर्ड करने पर प्रतिबंध- आदेश जारी

**नीमच**। जिला दण्डाधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा नीमच जिले में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप (X) एक्स, इंस्ट्राग्राम हाईक एसएमएस टेलीग्राम एंव अन्य सोशल मीडिया साईड आदि का दुरुपयोग कर धार्मिक, सामाजिक जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के लिए किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसारण नहीं करेंगा।कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फोटो, विडियो ऑडियो इत्यादि जिससे धार्मिक, सामाजिक, जातिगत आदि भावनाएं भड़क सकती है या साम्प्रदायिक विद्रेश पैदा हो सकता है, उसे प्रसारित नहीं करेगा।सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें धार्मिक साम्प्रदायिक एवं जातिगत भावनाएं भड़कती हो, को कमेन्ट लाईक, शेयर या फॉरवर्ड नहीं करें तथा ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी, कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके।कोई भी व्यक्ति सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने या लोगो अथवा समुदायिक के बीच घृणा, वैमनस्यता पैदा करने या दुष्प्रेरित करने या उकसाने या हिंसा फैलाने का प्रयास उपरोक्त माध्यमों से नहीं करेगा और न ही इसके लिए किसी को प्रेरित करेंगा।किसी भी व्यक्ति या समुदाय द्वारा सोशल मीडिया साईड पर कोई पोस्ट, संदेश प्रसारित किया जाता है, तो उसकी पुष्टि उपरांत ही आगे शेयर और फॉरवर्ड किया जा सकेगा।नीमच जिले की सीमा में किसी भी साईबर कैफे के स्वामी, संचालक द्वारा किसी भी अंजान व्यक्ति जिसका परिचय किसी विश्वसनीय प्रमाण पत्र जैसे परिचय पत्र, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पासपोर्ट फोटो युक्त पैनकार्ड या ऐसे अन्य ही साक्ष्य से प्रमाणित न हो, को साइबर कैफे का उपयोग न करने दिया जावे। साईबर कैफे के स्वामी/ संचालक द्वारा समस्त आगन्तुकों/ प्रयोगकर्ताओं का रजिस्टर रखा जाना आवश्यक है, जिससे उनका हस्तलिखित नाम, पता,दूरभाष नंबर तथा परिचय का प्रमाण पत्र अंकित हो इसके बिना साईबर कैफे का प्रयोग वर्जित होगा। साईबर कैफे में बिना वेब कैमरा लगाये, जिसमें आगन्तुकों / प्रयोगकर्ताओं की फोटो खीची जा सके तथा उसका अभिलेख सुरक्षित रखा जावे। विभिन्न मोबाईल कंपनियों, विक्रेताओं द्वारा बिना आवश्यक दस्तावेजों के सिम वितरित करने पर प्रतिबंध रहेगा।कोई भी मकान मालिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान के मालिक, प्रबंधक अपने मकान या संस्थान को उस समय तक किराए पर नहीं देंगे, जबतक कि किरायेदार का पूर्ण विवरण संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को प्रस्तुत नहीं कर देते।आगामी त्यौहारों एवं विभिन्न आयोजनों के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर नियंत्रण के लिए सर्वोच्च न्यायालय के नियमों का पालन किया जाना आवश्यक होगा।आगामी त्यौहारों एवं धार्मिक आयोजनों के दौरान कोई भी व्यक्ति आग्नेय शस्त्रों (फायर आर्म्स) घातक अस्त्र शस्त्र जैसे बन्दूक, पिस्तोला, रिवाल्वर, बल्लम,खंजर शमसीर या अन्य किसी भी प्रकार के घातक हथियार जिसमें जन साधारण को चोट पहुंच सकती है या जिसके प्रयोग से लोकहित को खतरा हो, सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं कर सकेगा, चाहे वह व्यक्ति लायसेंसधारी ही क्यों न हो। आगामी त्यौहारों के दौरान धार्मिक आयोजनों, जुलुस, रैली आदि की अनुमति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से ओना अनिवार्य होगा।उक्त आदेश 6 नवम्बर 2025 से 4 जनवरी 2026 एक प्रभावशील रहेगा तथा उका प्रभावशील अवधि में इस आदेश का उल्लंघन धारा-223 भारतीय न्याय संहिता अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आवेगा।

# न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह तहत नीमच में वृहद मैराथन दौड़ संपन्न

**नीमच**। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 9 नवंबर से 14 नवंबर 2025 तक "न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह" मनाया जा रहा है। इसके तहत 9 नवंबर 2025 को विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच द्वारा मैराथन दौड़ (रन फॉर जस्टिस) का आयोजित की गई। मैराथन दौड़ का शुभारंभ भारत माता चौराहा से हुआ और समापन नवीन न्यायालय परिसर, नीमच में हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री वीरेंद्रसिंह राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया। मैराथन में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर, विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरूकता का संदेश दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राहुल नायक,द्वितीय स्थान दीपक नायक, तृतीय स्थान शुभम बैरागीने प्राप्त किया। विजेताओं को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री वीरेंद्रसिंह राजपूत ने ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में पीजी कॉलेज नीमच के विद्यार्थियों द्वारा "लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO Act)" विषय पर नुक्कड़, नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश श्री राकेश कुमार शर्मा, श्री जितेंद्र कुमार बाजोलिया,श्रीमती रश्मि मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच की सचिव श्रीमती शोभना मीणा, न्यायिक अधिकारीगण, शासकीय अभियोजक श्री चंचल बाहेती न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारी, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल, विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी, पैरा लीगल वॉलंटियर्स, सरकारी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा गैर-सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित थे। मैराथन दौड़ में विशेष रूप से रेडक्रॉस द्वारा संचालित मूक बधिर विद्यालय से बालक बालिकाएं भी उपस्थित थे।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच की सचिव श्रीमती शोभना मीणा ने बताया, कि न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत 10 नवंबर 2025 को जिला जेल नीमच एवं उपजेल जावद में बंदियों हेतु विशेष विधिक जागरूकता शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।



## न.पा. नीमच ने बोरी बंधान कर दो फीट पानी किया आरक्षित

**नीमच दुनिया |नीमच** : नगर पालिका परिषद नीमच के डैम प्रभारी श्री शेरू चौहान ने बताया है कि निकाय द्वारा श्री सीताराम जाजू सागर डैम पर बोरी बंधन का कार्य किया गया हैं। मावठा(बारिश)होने से एवं जीरन तालाब के वेस्ट वेयर का पानी अधिक मात्रा में आने से बोली बंधान पानी कट्टे के ऊपर से छलकने लगा ,जिसके कारण कट्टे को तीन जगह से खोला गया है,ताकि कट्टे सुरक्षित बचे रहे एवं पानी बह सके ।पानी बह कर बाहर निकल चुका है वर्तमान में भी एक फिट पानी अभी बह रहा है कट्टे दो जगह से बंद कर दिए गए हैं एक जगह से पानी निकालने के लिए कट्टे खोल रखे हैं अभी पानी की आवक ज्यादा होने से सारा पानी नहीं रोक सकते हैं सारा पानी रोकने पर कट्टे बह सकते हैं निकाय द्वारा कट्टे जमा कर बोरी बंधन कर दो फीट पानी श्री सीताराम जाजू सागर डैम में अतिरिक्त आरक्षित किया गया है।

# नीमच में भीषण सड़क हादसाः बस और ट्रक की टक्कर से मचा हड़कंप
## बस के परखच्चे उड़ गए- एक महिला गंभीर घायल, कई यात्री घायल

नीमच जिले में सोमवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मनासा-रामपुरा मार्ग पर कुकड़ेश्वर नगर के पास स्थित मंगल वाटिका के समीप यात्री बस और ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि "सरकार उपकार" नामक बस (एमपी-44-आर-1071) का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस मनासा से रामपुरा की ओर जा रही थी, तभी सामने से आ रहे ट्रक (एमपी-09-केए-4414) से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के समय बस में लगभग 10 से 15 यात्री सवार थे। इस टक्कर में चचोर निवासी कुंवारी बाई (38) गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि चार से पांच यात्रियों को हल्की चोटें आईं। घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से कुकड़ेश्वर शासकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार कुंवारी बाई की हालत गंभीर बनी हुई है। कुकड़ेश्वर थाना प्रभारी भीमसिंह सिसोदिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रक चालक ने ओवरटेक करने की कोशिश की,



जिसके कारण यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक और बस दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के तुरंत बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। भीड़ ने गुस्से में बस के क्लीनर की पिटाई कर दी, हालांकि पुलिस ने समय रहते हस्तक्षेप कर स्थिति को काबू में कर लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क लंबे समय से संकरी और जर्जर हालत में है, जिस कारण यहां दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से सड़क की मरम्मत और यातायात नियंत्रण के सख्त इंतजाम की मांग की है। पुलिस का कहना है कि वाहनों के तकनीकी परीक्षण के बाद यह स्पष्ट किया जाएगा कि टक्कर का वास्तविक कारण क्या था — चालक की लापरवाही, ओवरस्पीडिंग या सड़क की स्थिति। फिलहाल घायल यात्रियों का इलाज जारी है और बस के मलबे को सड़क से हटाया जा चुका है ताकि आवागमन सामान्य हो सके। इस हादसे ने एक बार फिर से जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। यात्रियों का कहना है कि यदि सड़क चौड़ी होती और रात के समय ट्रकों पर उचित रोशनी व सिग्निलिंग की व्यवस्था होती, तो शायद यह टक्कर टाली जा सकती थी।

## थाना कोतवाली पुलिस को मिली सफलता.....मोटर सायकल चोर गिरफ्तार, 3 वाहन जप्त



**मंदसौर।** पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री विनोद मीना द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों व वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री टी.एस. बघेल के निर्देशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र भास्कर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ की टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन चोरी की मोटर सायकलें जप्त की हैं।फरियादी पीरुसिंह पिता कमलसिंह चन्द्रावत निवासी पिपलिया रायसिंह ने थाना कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 08.10.2025 को वह अपनी मां मोहन कुंवर के उपचार हेतु शासकीय अस्पताल आया था। अस्पताल के गेट के बाहर उसने अपनी हीरो एचएफ डिलक्स लाल रंग की मोटर सायकल (रजिस्ट्रेशन क्रमांक MP14 NF 4408) खड़ी की थी। वापस आने पर वाहन मौके से गायब मिला। घटना पर से थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 599/25 धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### गिरफ्तारी व जब्तीः

दिनांक 09.11.2025 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी रितेश पिता रतनलाल राजपुरोहित (उम्र 42 वर्ष), निवासी भाटपचलाना जिला उज्जैन, हाल मुकाम श्रवणानंद कुटिया 500 क्वार्टर मंदसौर को प्रतापगढ़ रोड स्थित गौशाला से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने उक्त मोटर सायकल को शासकीय अस्पताल से चोरी करना स्वीकार किया। साथ ही उसने एक प्लेजर स्कूटी (क्रमांक MP43 MG 9177) तथा एक सफेद रंग की बिना नंबर की स्कूटी जावरा से चोरी करना भी कबूला। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीनों वाहन जप्त कर न्यायालय में पेश किया है।

## 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत नीमच में पुलिस ने बढ़ाया छात्राओं का आत्मविश्वासः आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा और 'गुड-बैड टच' पर दी जानकारी

नीमच जिले में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत सोमवार को एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सीएम राइज स्कूल परिसर में हुआ, जहां पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को आत्मरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और "गुड टच-बैड टच" के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को न केवल सुरक्षित बनाना था, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और जागरूकता की भावना भी जगाना था। इस अवसर पर एसडीओपी रोहित राठौड़, थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा, एएसआई अर्पिता बोहरा और प्रधान आरक्षक रवि पांडे उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं से सीधा संवाद किया और बताया कि "ऑपरेशन मुस्कान" का मूल मकसद हर बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह अभियान न केवल लापता बच्चों को खोजने तक सीमित है, बल्कि इसका उद्देश्य बच्चों और विशेषकर छात्राओं को सशक्त बनाना और उन्हें हर परिस्थिति में स्वयं की सुरक्षा करने के लिए तैयार करना भी है। कार्यक्रम की शुरुआत में अधिकारियों ने छात्राओं को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बीच का अंतर समझाया। उन्होंने बताया कि कई बार बच्चे या छात्राएं असामान्य परिस्थितियों में सही और गलत के बीच फर्क नहीं कर पातीं। ऐसे में उन्हें इस बात की पहचान होनी चाहिए कि यदि कोई व्यक्ति गलत तरीके से छूने या बात करने की कोशिश करे तो तुरंत मना करें, आवाज उठाएं और भरोसेमंद व्यक्ति या पुलिस को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि अपनी सुरक्षा को लेकर सजग रहना ही सबसे पहली जिम्मेदारी है। इसके बाद साइबर सुरक्षा पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को सोशल मीडिया पर बढ़ रहे धोखाधड़ी के मामलों से सतर्क रहने की सलाह दी। फेसबुक, इंस्टाग्राम, वॉट्सएप और अन्य प्लेटफॉर्म पर फर्जी अकाउंट्स के जरिए ठगी और गलत गतिविधियां बढ़ रही हैं। छात्राओं को बताया गया कि किसी भी अनजान



लिंक या मैसेज पर क्लिक न करें, न ही अपनी निजी जानकारी साझा करें। साइबर अपराध से बचने के लिए हमेशा अपने पासवर्ड सुरक्षित रखें, अजनबियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। अधिकारियों ने बताया कि "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान 1 नवंबर से 30 नवंबर तक जिलेभर में चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस टीमें गांव-गांव, स्कूलों और कॉलेजों में जाकर बच्चों को सुरक्षा, आत्मरक्षा और अपराधों से बचाव के तरीके सिखा रही हैं। इसके साथ ही, अभियान का एक बड़ा लक्ष्य उन बच्चों को ढूंढना भी है जो किसी कारणवश अपने घरों से लापता हो गए हैं। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों से कई सवाल पूछे और आत्मरक्षा से जुड़ी स्थितियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्राओं ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम उन्हें आत्मनिर्भर और निडर बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि अब वे न केवल खुद को, बल्कि अपने आस-पास की अन्य लड़कियों को भी सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगी। अंत में एसडीओपी रोहित राठौड़ ने कहा, "हमारा मकसद हर बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लौटाना है — चाहे वह कोई गुमशुदा बच्चा हो या भय और असुरक्षा से जूझ रही कोई छात्रा। ऑपरेशन मुस्कान के माध्यम से हम बच्चों को सुरक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।" नीमच पुलिस का यह अभियान अब जिलेभर में सक्रिय है, जिसमें स्कूलों, कॉलेजों और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे प्रयासों से समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी और आने वाली पीढ़ी खुद की और दूसरों की सुरक्षा के प्रति अधिक जिम्मेदार बनेगी।

## नीमच जिला अस्पताल में मरीज की मौत के बाद नहीं पहुंचे परिजनः बरखेड़ी निवासी नंदकिशोर की हुई मृत्यु

नीमच जिले से एक संवेदनशील मामला सामने आया है, जहां जिला चिकित्सालय में भर्ती एक मरीज की मौत के कई दिन बीत जाने के बाद भी उसके परिजन शव लेने नहीं पहुंचे हैं। मृतक की पहचान बरखेड़ी गांव निवासी नंदकिशोर पिता रामलाल (उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष) के रूप में हुई है। अस्पताल प्रशासन ने शव को फिलहाल चीरघर (पोस्टमार्टम हाउस) में सुरक्षित रख दिया है, जबकि पुलिस मृतक के परिजनों की तलाश में जुटी हुई है। अस्पताल पुलिस चौकी में पदस्थ एएसआई सत्यनारायण भरकुंदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नंदकिशोर को 25 अक्टूबर को गंभीर स्थिति में मनासा के शासकीय अस्पताल से नीमच जिला चिकित्सालय रेफर किया गया था। वहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज जारी रहा, लेकिन 9 नवंबर को उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। मृत्यु के बाद अस्पताल प्रशासन ने मृतक के परिजनों को खोजने के लिए प्रयास शुरू किए, लेकिन अब तक कोई भी व्यक्ति उनसे संपर्क करने नहीं आया है। मृतक का नाम, पता और प्राथमिक जानकारी मनासा अस्पताल से मिली रिपोर्ट के आधार पर दर्ज की गई थी। इसके बाद पुलिस ने मृतक की पहचान बरखेड़ी निवासी नंदकिशोर पिता रामलाल के रूप में की। पुलिस के अनुसार, मृतक की हालत खराब होने के कारण उन्हें मनासा से रेफर किया गया था। मौत के बाद अस्पताल प्रशासन ने कई बार आसपास के क्षेत्र और संभावित रिश्तेदारों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई भी व्यक्ति आगे नहीं आया। इस



कारण शव को जिला अस्पताल के चीरघर में सुरक्षित रखा गया है, ताकि पहचान की पुष्टि होने के बाद शव परिजनों को सौंपा जा सके। एएसआई सत्यनारायण भरकुंदिया ने बताया कि यह मामला अत्यंत संवेदनशील है, क्योंकि मृतक का अंतिम संस्कार तब तक नहीं किया जा सकता जब तक परिजन सामने नहीं आते। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नंदकिशोर या उसके परिवार को जानता हो, तो तुरंत अस्पताल पुलिस चौकी से संपर्क करें। सूचना देने के लिए दो संपर्क नंबर जारी किए गए हैं — एएसआई सत्यनारायण भरकुंदिया (मो. 9755603676) और सैनिक जगदीश गिरी (मो. 7987211039)। पुलिस ने यह भी बताया कि ऐसे मामलों में अक्सर परिजनों को जानकारी देर से मिलती है, या कुछ मामलों में मृतक की पहचान भ्रमित हो जाती है। इसलिए प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि नंदकिशोर का अंतिम संस्कार सम्मानजनक और कानूनी प्रक्रिया के तहत किया जाए। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, बरखेड़ी और आसपास के इलाकों में नंदकिशोर के परिवार से जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस गांव के सरपंच, सचिव और ग्रामीणों से संपर्क कर रही है ताकि मृतक के वास्तविक परिजन तक खबर पहुंचाई जा सके। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि शव को पूरी सुरक्षा के साथ चीरघर में रखा गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तक उसे संरक्षित रखा जाएगा। यदि परिजन नहीं मिलते हैं, तो पुलिस और प्रशासन संयुक्त रूप से विधिक प्रक्रिया के तहत अंतिम संस्कार की व्यवस्था करेगा। यह घटना न केवल प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई है, बल्कि समाज के लिए भी संवेदनशील प्रश्न खड़ा करती है कि आखिर क्यों और किन परिस्थितियों में किसी व्यक्ति के परिजन उसके अंतिम संस्कार तक नहीं पहुंचते। फिलहाल पुलिस का प्रयास है कि नंदकिशोर पिता रामलाल के परिजन जल्द से जल्द सामने आएं ताकि उनका अंतिम संस्कार उनकी उपस्थिति में सम्मानपूर्वक संपन्न हो सके।

## पिनैकल ग्लोबल स्कूल व जीटो ने किया मैराथन का आयोजन



**नीमच** द पिनैकल ग्लोबल स्कूल और जीटो के तत्वावधान में विमेन्स मैराथन 2.0 – शी रनस् द वर्ल्ड का सफल आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना रहा।यह आयोजन हर उस महिला को समर्पित था जो अपनी शक्ति, सामर्थ्य और आत्मविश्वास से समाज को आगे बढ़ाती है। इस मैराथन का प्रेरक संदेश था जब वह दौड़ती है, तो दुनिया आगे बढ़ती है। यह कार्यक्रम LADIES – Where Values Meet Vision (JITO) के सहयोग से आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा, सेवा और उद्यमिता के माध्यम से सशक्त बनाना था। मैराथन ने जहां शारीरिक फिटनेस और दृढ़ता का प्रतीक प्रस्तुत किया, वहीं यह एकता, समानता और महिला सशक्तिकरण का भी संदेश लेकर आई। सभी प्रतिभागियों और दर्शकों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ इस आयोजन में भाग लेकर इसे एक यादगार सफलता बना दिया। स्कूल की प्राचार्य डॉ. नरजीत कौर ने अपने विचार साझा किया। लायंस क्लब नीमच सेंट्रल के अध्यक्ष महेश धानुका की धर्मपत्नी श्रीमती ऋतु धानुका ने स्कूल को इस मैराथन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि, हमें अपने युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना चाहिए और अपने भारत का नाम पूरे विश्व में रोशन करना चाहिए। इस अवसर पर JITO क्लब की सदस्य रिंकू राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि जीतो क्लब द्वारा सीड्स का वितरण किया गया और वृक्षारोपण का संदेश दिया गया। साथ ही प्लास्टिक-फ्री एनवायरनमेंट को बढ़ावा देने का आह्वान भी किया गया ।

# नगरीय निकायों को 60 प्रतिशत राजस्व वसूली व आवास कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

## कलेक्टर ने की योजनाओं, निर्माण कार्य और कर वसूली की समीक्षा, रात्रिकालीन सफाई व पेयजल व्यवस्था पर विशेष जोर

**नीमच** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने गुरुवार को कलेक्टर सभाकक्ष में जिले के नगरीय निकायों में संचालित योजनाओं, निर्माण कार्यों और कर वसूली की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला शहरी विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी पराग जैन, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी और उपयंत्री उपस्थित रहे।

### पीएम आवास कार्य में देरी पर नोटिस के निर्देश

बैठक में नगर परिषद सिंगोली के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए गए कि अगले माह तक 95 प्रतिशत पीएम आवास पूर्ण किए जाएं, अन्यथा सीएमओ और उपयंत्री को नोटिस जारी किया जाएगा।

सभी अन्य नगरीय निकायों को 15 दिसंबर 2025 तक प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के समस्त आवास पूर्ण करने तथा आवास योजना 2.0 के शेष आवेदनों का सत्यापन कर कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

### निर्माण कार्य समय पर पूर्ण और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

अमृत 2.0, कायाकल्प 1.0 व 2.0 तथा मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत चल रहे कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने एवं अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए।साथ ही नगरीय क्षेत्रों में नियमित स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए, किसी भी प्रकार की शिकायत पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई।

### पीएम स्वनिधि में लक्ष्य से अधिक ऋण प्रकरण भेजने के निर्देश

पीएम स्वनिधि 2.0 योजना की समीक्षा में लक्ष्य से अधिक प्रकरण बैंकों को भेजने के निर्देश दिए गए। योजना अंतर्गत—



प्रथम चरणः 15,000,द्वितीय चरणः 25,000 तृतीय चरणः 50,000 (बिना ब्याज) का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें अधिक से अधिक हितग्राहियों को जोड़ने के निर्देश दिए गए। 60% कर वसूली का लक्ष्य, 100 बड़े करदाताओं से होगी वसूली नगरीय निकायों में कर वसूली की स्थिति असंतोषजनक पाए जाने पर दिसंबर 2025 तक 60% कर वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

हर निकाय को 100 बड़े करदाताओं की सूची बनाकर वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। लक्ष्य पूरा न होने पर संबंधित सीएमओ के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### सीएम हेल्पलाइन में 90% ग्रेडिंग का लक्ष्य

सीएम हेल्पलाइन में नवंबर 2025 की ग्रेडिंग के लिए 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने का लक्ष्य तय किया गया।रात्रिकालीन सफाई अभियान और स्वच्छता पर सख्ती सभी निकायों में रोजाना रात्रिकालीन सफाई अभियान चलाया जाएगा प्रत्येक शनिवार सुबह विशेष सफाई अभियान आयोजित होगासफाई मित्रों को ड्रेस, मास्क व उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगेतालाब, मंदिर और सार्वजनिक जल स्त्रोतों की सफाई सुनिश्चित होगीअभियान में पार्षदों और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी अनिवार्यदुकानों पर डस्टबिन रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक जब्ती की कार्रवाई के निर्देश सब्जी मंडी व बाजारों में कपड़े की थैली उपयोग को प्रेरित किया जाएगा

### विकास कार्य व पेंशन प्रकरणों में भी तेजी के निर्देश

विधायक व सांसद निधि से संचालित निर्माण कार्यों की सीसी (उपयोगिता प्रमाण-पत्र) समय सीमा में जिला योजना अधिकारी को सौंपने और पेंशन प्रकरणों का वेरिफिकेशन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

# आपरेशन मुस्कान के तहत थाना सिटी एवं साइबर सेल नीमच की संयुक्त टीम द्वारा 17 वर्ष की नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में मिली सफलता....

**नीमच** माननीय मुख्यमंत्री महोदय, मध्यप्रदेश एवं पुलिस महानिदेशक महोदय मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार गुमशुदा नाबालिग बालक /बालिकाओं की तलाश हेतु मध्यप्रदेश के सभी जिलों मे आपरेशन मुस्कान संचालित किया जा रहा है, इसी तारतम्य मे श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय नीमच श्री अंकित जायसवाल के द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारीयों को गुम नाबालिग बालक-बालिकाओ की दस्तायाबी हेतु आपरेशन मुस्कान के तहत निर्देश दिये गये है जिसके पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय नीमच श्री नवल सिंह सिसोदिया एवं श्रीमान सीएसपी महोदया नीमच सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन, निरी विकास पटेल थाना प्रभारी नीमच सिटी के नेतृत्व में थाना सिटी की विशेष टीम को गुमशुदा 17 वर्ष की नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में महत्त्वपूर्ण सफलता मिली है।

दिनांक 02.11.2025 को सूचनाकर्ता द्वारा अपनी पुत्री नाबालिग बालिका के अपहरण होने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी रिपोर्ट पर से थाना नीमच सिटी पर अपराध धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया गया। थाना नीमच सिटी की एक विशेष टीम का गठन



कर गुमशुदा की तलाश हेतु लगाया गया। पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्यों की मदद से निरंतर संभावित स्थानो पर अपहर्ता की तलाश करते व्यवसायिक कौशलता का उपयोग कर नाबालिग बालिका को आज दिनांक 07.11.2025 को दस्तयाब किया ।

### सराहनीय कार्यः -

थाना नीमच सिटी के उप निरीक्षक लक्ष्मण राठौर, आरक्षक महेंद्र सिंह , महिला आरक्षक बिंदु एवं साइबर सेल प्र.आर. प्रदीप शिंदे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिला पंचायत नीमच में सामूहिक वंदे मातरम्" गायन संपन्न



**नीमच**। राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" की 150 वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में देश प्रदेश के साथ-हीनीमच जिले में भी सामूहिक"वंदे मातरम्" का गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक नीमच श्री दिलीपसिह परिहार मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर "वंदे मातरम्" का सामूहिक एवं पूर्ण गायन किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली से प्रसारित लाइव कार्यक्रम का प्रसारण भी जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने देखा और सुना। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, श्री निलेश पाटीदार,जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिह सिसोदिया, एसडीएम श्री संजीव साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन, श्री चंद्रसिंह धार्वे, आरआई श्री विक्रमसिह भदोरिया सहित सीआरपीएफ बेण्ड एवं पुलिस के जवान सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कार्यक्रम अधिकारी अंकिता पंड्या ने किया बालगृह का निरीक्षण

**नीमच** : जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने गुरुवार को बाल गृह नीमच का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण दौरान प्रभारी अधीक्षक श्री प्रमोद कटारा,लेखापाल मुकेश नागौरा व चौकीदार उपस्थित पाए गए। संस्था में 09 बालक आश्रयरत है जिनमें से 06 बालक निरीक्षण के समय उपस्थित थे तथा 03 बालक विद्यालय में पढ़ने हेतु गए थे। संस्था अधीक्षक को परिसर में स्वच्छता रखने,बालकों के इंडिविजुअल केयर प्लान को अधिक प्रभावी बनाने तथा रिक्रेशनल गतिविधियों के संचालन हेतु निर्देशित किया । संस्था के रंग रोगन व आवश्यक मरम्मत के निर्देश भी दिए गए। सुश्री पंड्या ने उपस्थित 6 बालकों से चर्चा कर ,दिनचर्या की जानकारी ली एवं संस्था में उपलब्ध भोजन व अन्य सुविधाओं की जानकारी भी ली।




# नशे में धुत एएसआई की कार की टक्कर से शिक्षक की मौत
## 10 वर्षीय मासूम का पैर काटा; गुस्साए परिजनों का चक्काजाम

**नीमच दुनिया |जावद।** जावद–भड़भड़िया मार्ग पर शुक्रवार शाम करीब 7 बजे हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। जावद थाने में पदस्थ एएसआई की तेज रफ्तार कार ने तीन बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें एक शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके 10 वर्षीय बेटे को गंभीर चोट के चलते एक पैर गंवाना पड़ा। हादसे में पत्नी और बेटी समेत अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एएसआई मनोज यादव महिंद्रा कंपनी की कार क्रमांक HR-99 ABS (Temp) 1491 चला रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वाहन गलत दिशा में आ रहा था और अत्यधिक गति में था। सामने से आ रही बाइक सवार शिक्षक दशरथ पिता शंभू सिंह (42), निवासी जावद को टक्कर मारी। बाइक पर उनकी पत्नी ललिता बाई (35), 6 वर्षीय पुत्र हर्षित और 8 वर्षीय पुत्री जया भी सवार थे। टक्कर इतनी भयंकर थी कि दशरथ की मौके पर ही मौत हो गई। पुत्र हर्षित के दोनों पैर गंभीर रूप से कुचल गए, जिसमें एक पैर डॉक्टरों को ऑपरेशन कर काटना पड़ा। पत्नी ललिता और पुत्री जया भी गंभीर रूप से घायल होकर उपचाररत हैं। हादसे में अठाना निवासी भोपाल पिता नारायण सिंह (44) भी घायल हुए, जिन्हें जिला अस्पताल से रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि वाहन पूरी तरह गलत साइड में था और एक के बाद एक तीन बाइक को टक्कर मारी। मौके पर मौजूद लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि कार से शराब की बोतलें, गिलास समेत अन्य सामग्री मिली और एएसआई शराब के नशे में धुत थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना प्रभारी वीरेंद्र झा मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली। पुलिस विभाग ने कार्यवाही करते हुए आरोपी एएसआई मनोज यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर एफआईआर दर्ज कर ली है।




• एएसआई मनोज यादव।


• मृतक शिक्षक दशरथ सिंह।





**परिजनों की मुख्य मांगें**

• मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी • परिवार को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता • आरोपी एएसआई पर सख्त एवं त्वरित कार्रवाई प्रशासनिक आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया, लेकिन क्षेत्र में घटना को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है।

## बगैर अनुमति पेड़ काटने पर होगी कार्यवाही : बामनिया
### जुर्माना व सजा का प्रावधान



**नीमच!** नगर पालिका परिषद नीमच शहर में पेड़ काटने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करेगी जिसमें जुर्माने व सजा का प्रावधान भी शामिल है! प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने कहा कि अक्सर शिकायत मिल रही है कि शहर में अनेक व्यक्तियों द्वारा अपने लाभ के लिए नगर पालिका की बगैर अनुमति के हरे भरे वृक्षों को काटा जा रहा है! श्रीमती बामनिया ने बताया कि बगैर अनुमति के पेड़ों को काटना कानून अपराध है और इसके लिए भारी जुर्माने के साथ ही सजा का भी प्रावधान है! अगर शहर में कोई भी व्यक्ति बगैर अनुमति के पेड़ काटता पाया गया तो उसके विरुद्ध जुर्माने की कार्यवाही के साथ ही पुलिस प्रकरण दर्ज करवा कर सजा दिलवाने हेतु कानूनी कार्यवाई भी की जावेगी! श्रीमती बामनिया ने शहर के नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे बगैर अनुमति के पेड़ों को नहीं काटते हुए जुर्माना व कानूनी कार्यवाई से बचे और अधिक से अधिक पौधारोपण कर शहर को हरा भरा बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## नीमच सिटी में नि : शुल्क स्वास्थ्य शिविर
### 94 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ



**नीमच :** शासन के निर्देशानुसार आयुष विभाग द्वारा शासकीय आयुर्वेद औषधालय नीमच सिटी द्वारा रावणरुंडी वार्ड क्र.1 में सोमवार को निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, चर्म रोग उदर रोग,विबंध, श्वास,कास, प्रतिशयाय, रक्त अल्पता, रक्तचाप,अर्श गैस अम्लपित साइटीका, त्वक, हृदय प्रमेह,आदि बीमारियों की जांच कर निःशुल्क औषधि वितरित की गई। शिविर में बीपी, की निशुल्क जांच उन्हें आवश्यक परामर्श के साथ औषधियां उपलब्ध कराई गई शिविर में कुल 94 रोगियों ने स्वास्थ्य का लाभ लिया।शिविर में डॉ.विवेक शर्मा, डॉ.हर्षवर्धन शर्मा , श्री हरिश दास बैरागी ,श्री यतेंद्र राजावत, श्री प्रमोद रेडार द्वारा शिविर में अपनी सेवाएं दी गई। शिविर में ग्राम के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती आरती सेन, सहायिका श्रीमती चंदा सेन द्वारा आवश्यक सहयोग दिया गया।

## जिला अस्पताल में लापरवाही की हद पार, कंधे की जगह गले और पैर का एक्स-रे थमा दिया

**नीमच।** जिला अस्पताल से लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मल्हारगढ़ निवासी इंद्रा कुंवर ने बताया कि वह सुबह 11 बजे अस्पताल पहुंचीं, लेकिन डॉक्टर करीब 1 बजे आए। डॉक्टर ने उन्हें कंधे का एक्स-रे कराने के लिए कहा। एक्स-रे करवाने के बाद जब रिपोर्ट लेकर डॉक्टर के पास पहुंचीं तो उन्होंने बताया कि यह किसी और व्यक्ति के पैर का एक्स-रे है। इंद्रा कुंवर ने फिर से एक्स-रे कराया, लेकिन इस बार भी गलती हो गई — कंधे की जगह गले का एक्स-रे कर दिया गया। उनका कहना है कि अस्पताल का स्टाफ इलाज में लापरवाही बरत रहा है और रिपोर्ट भी शाम 3 बजे के बाद ही दी गई।



**अब सवाल उठता है**

जिला अस्पताल में मरीजों के साथ ऐसी लापरवाही आखिर कब तक चलेगी? क्या जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी यूं ही दबा दिया जाएगा?

## अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्वाई....
### 850 किलो महुआ लहान के साथ 15 लीटर अवैध मदिरा जप्त

**नीमच :** जिला आबकारी अधिकारी श्री बसन्त कुमार भिटे एवं एडीईओ श्री बी एल सिंगाडा के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त मनासा पंकज राठौर के नेतृत्व में जिला आबकारी स्टाफ के दल ने अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं संग्रहण–परिवहन करने वालों के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही करते हुए गुरुवार को ग्राम पिपलियारुण्डी एवं ग्राम भांडया के चिन्हित स्थलों और तालाब नालों पहाड़ी सुनसान जंगलों आदि में संदिग्ध स्थानों पर दबिश देकर लगभग 15 लीटर महुआ निर्मित हाथ भट्टी देशी मदिरा एवं 960 किलो महुआ लहान जब्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के 1915 की धारा 34(1) के तहत कुल 3 प्रकरण दर्ज किये गये है।जप्त मदिरा एवं महुआ लाहन का बाजार मूल्य लगभग 97750 रुपये है । कार्यवाही में आबकारी विभाग के आबकारी आरक्षक महेश गहलोत , बलवंत भाटी, का भी योगदान रहा। जिला आबकारी अधिकारी श्री बसन्त कुमार भिटे ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जिले में इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।




## ग्राम जाट मे तेजपाल नाट्य कला मंडल द्वारा श्री वीर तेजाजी महाराज के छः दिवसीय खेल का हुआ शुभारंभ

ब्यूरो रिपोर्ट- सत्यनारायण सुथार

**जाट।** ग्राम जाट ( यशनगर) में तेजपाल नाट्य कला मंडल जाट के तत्वावधान में अति प्राचीन चमत्कारिक लोक देवता श्री वीर तेजाजी महाराज के छह दिवसीय खेल के आयोजन का शुभारंभ ग्राम के युवा पत्रकार सत्यनारायण सुथार व समाजसेवी शंकर लाल गुर्जर के हाथों रिबन खोलकर किया गया। इस अवसर पर तेजाजी महाराज व बाशक देव के सेवक बाबू लाल प्रजापत व समाजसेवी रमेश चंद्र धाकड़ और समिति के सदस्यों द्वारा शुभारंभ कर्ता सत्यनारायण सुथार और शंकर लाल गुर्जर का पुष्पमाला व साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया।इसके पूर्व तेजाजी मंदिर भटवाड़ा मोहल्ला से समिति सदस्यों एवं श्रद्धालु भक्तों द्वारा तेजाजी महाराज व बासकदेव के जयकारें लगाते हुए झंडी निकाली जो खेल स्थल सदर बाजार जाट कबूतर खाने पर ले जाई गई।जहां गांव के पं.श्री कैलाश चंद्र जोशी द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर हवन किया। इसके बाद राजस्थान के मशहूर कलाकारों द्वारा खेल की शुरुआत की गई। समिति प्रबंधक शंभू लाल सोलंकी द्वारा बताया गया कि श्री तेजाजी महाराज के खेल का यह 15 वां वर्ष है। और राजस्थान के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा 6 दिन तक खेल का मंचन किया जाएगा। श्री सोलंकी ने अपने उद्बोधन मे गांव में होने वाले सभी धार्मिक कार्यक्रमो को बड़े ही तन मन धन से सहयोग करने वाले ग्रामीणो की तारीफ करते हुए आगे भी सहयोग की आशा व्यक्त की कार्यक्रम का संचालन लालाराम ब्रह्म भट्ट ( पूर्व उप सरपंच )एवं आभार प्रदर्शन शंभू लाल सोलंकी द्वारा व्यक्त किया गया।



# रोटरी डायमंड ने किया विदेशी रोटरी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत



**नीमच** रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत रोटरी डिस्ट्रिक्ट 5330 कैलिफ़ोर्निया (अमेरिका) से पधारे 10 सदस्यीय रोटरी प्रतिनिधिमंडल का रोटरी क्लब ऑफ नीमच डायमंड, डिस्ट्रिक्ट 3040 द्वारा भव्य स्वागत किया गया। प्रतिनिधिमंडल के साथ पूर्व मंडलाध्यक्ष श्री संजीव गुप्ता, सत्र 2026-27 के मंडलाध्यक्ष संस्कार कोठारी, रोटे. राजेश मोदी, रोटे. दीप्ति कोठारी, रोटे. अर्चना गुप्ता एवं रोटे. यशोवर्धन कोठारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारत और अमेरिका के रोटरी क्लबों के बीच मित्रता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा सामुदायिक सेवा कार्यों में भविष्य के सहयोग को और मजबूत बनाने पर सार्थक चर्चा की गई। रोटरी परंपरा के अनुरूप अतिथियों का तिलक, दुपट्टा एवं पगड़ी पहनाकर आत्मीय सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में रीजनल कोऑर्डिनेटर आशीष गर्ग, क्लब सचिव आशीष सैनी, पूर्व अध्यक्ष दीपक एरन एवं रोटे. अनुज माहेश्वरी विशेष रूप से उपस्थित रहे

# वायडी नगर पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करी में फरार आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौरः** पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी एवं इससे जुड़े अपराधों पर नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत वायडी नगर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री तेरसिंह बघेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह भास्कर के मार्गदर्शन में तथा निरीक्षक शिवांशु मालवीय, थाना प्रभारी वायडी नगर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।




## घटना का विवरणः

दिनांक 24 सितंबर 2025 को चौकी मुल्तानपुरा पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक कार क्रमांक MP-04 CL-0651 का चालक अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर जा रहा है। सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कार चालक फज्जु पिता मुश्ताक कागला मुल्तानी (32 वर्ष), निवासी कोडिया डेरा, मुल्तानपुरा मंदसौर को गिरफ्तार किया था। आरोपी के विरुद्ध थाना वायडी नगर में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था।

विवेचना के दौरान आरोपी फज्जु कागला ने बताया था कि उसने अवैध गांजा मोहम्मद उर्फ मोहम्मद अली सैय्यद पिता रमजान अली सैय्यद, निवासी तलाई मोहल्ला प्रतापगढ़ से लाया था। उक्त आरोपी घटना दिनांक से फरार था, जिसे 09 नवंबर 2025 को प्रतापगढ़ (राजस्थान) से गिरफ्तार कर लिया गया।

## गिरफ्तार आरोपीः

नामः मोहम्मद उर्फ मोहम्मद अली सैय्यद पिता रमजान अली सैय्यद

उम्रः 22 वर्ष

निवासः तलाई मोहल्ला, हाल मुकाम मल्टी, धरियावद रोड, प्रतापगढ़ थाना कोतवाली, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान)

## सराहनीय कार्यः

इस कार्यवाही में निरीक्षक शिवांशु मालवीय (थाना प्रभारी वायडी नगर), उनि कपिल सौराष्ट्रीय (चौकी प्रभारी मुल्तानपुरा), सउनि विक्रम वास्कले, प्रआर 434 प्रवीण सिंह, प्रआर 189 पूनम कर्णिक, आर 367 कमलपाल सिंह, आर 752 सुन्दर सिंह, तथा आर 344 नवाज शरीफ सहित वायडी नगर पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# भावान्तर योजना में सोयाबीन का प्रति क्विंटल मॉडल रेट 4,000 रुपए से अधिक तय-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**नीमच** : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसान हितैषी है और उनके कल्याण के लिए संकल्पित है। "भावान्तर योजना" के अंतर्गत सोयाबीन का प्रति क्विंटल मॉडल रेट 4,000 रुपए से अधिक तय किया गया है। प्रदेशभर के अन्नदाताओं को उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का पूर्ण लाभ दिलाने के लिए सोयाबीन उत्पादक किसानों को अलग से 1300 रूपए प्रति क्विंटल दिए जाएंगे। आगामी 13 नवंबर को सोयाबीन उत्पादक किसानों को इसका लाभ वितरित किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन



में कल्याणकारी योजनाओं और विकासमूलक कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करते हुए राज्य सरकार सशक्त भारत-सशक्त मध्यप्रदेश के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मीडिया से चर्चा में यह विचार व्यक्त किए।

## जनसुनवाई में तत्परता से सुनी गई 53 आवेदकों की समस्याएँ

**मंदसौर** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा आज सुशासन भवन सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन द्वारा कुल 53 आवेदकों की समस्याएँ सुनी। अधिकारीयों द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का शीघ्र और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# सिंगोली के श्री किलेश्वर बालाजी मंदिर में भव्य रूप से मनाया गया 13वां अन्नकूट महोत्सवः हजारों श्रद्धालुओं ने लिया प्रसादी का लाभ



**नीमच** जिले के सिंगोली कस्बे स्थित श्री किलेश्वर बालाजी मंदिर में रविवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ 13वां वार्षिक अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। इस आयोजन का जिम्मा इस वर्ष भी पद्मावती महिला मंडल ने संभाला। परंपरा के अनुसार, अन्नकूट का भोग भगवान किलेश्वर बालाजी को अर्पित किया गया और उसके बाद भक्तों को प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुबह से ही भक्तों का मंदिर परिसर में आगमन शुरू हो गया था। दोपहर तक मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। अन्नकूट महोत्सव के लिए मंदिर को अत्यंत सुंदर और भव्य रूप में सजाया गया था — रंग-बिरंगे फूलों, झालरों और दीपों की रोशनी से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। सायंकाल भगवान किलेश्वर बालाजी को विशेष पूजा-अर्चना के बाद अन्नकूट का भोग लगाया गया। भोग अर्पण के तुरंत बाद जैसे ही प्रसादी वितरण शुरू हुआ, मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। हर कोई बालाजी के दर्शन करने और प्रसादी प्राप्त करने के लिए उत्सुक नजर आया। श्रद्धालुओं ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव का इंतजार पूरे वर्ष रहता है, क्योंकि इस दिन भगवान को सैकड़ों प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाता है और माना जाता है कि इससे पूरे नगर में समृद्धि और शांति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। पद्मावती महिला मंडल की सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन लगातार तेरह वर्षों से नगरवासियों के सहयोग और बालाजी के आशीर्वाद से किया जा रहा है। समाज के सभी वर्गों के लोग इसमें उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। महिला मंडल की सदस्याएं पूरे आयोजन के दौरान सक्रिय रहीं — उन्होंने भोग सजाने, भक्तों के स्वागत, प्रसादी वितरण और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महोत्सव में नगर के अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी संगठन, व्यापारी वर्ग और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और सौहार्द का माहौल बना रहा। बालाजी मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और आरती के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। महिला मंडल की अध्यक्ष ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को एकजुट करने का भी माध्यम है। उन्होंने कहा, "भगवान किलेश्वर बालाजी की कृपा से यह अन्नकूट महोत्सव लगातार तेरह वर्षों से सफलतापूर्वक हो रहा है। यह हम सभी के लिए गर्व और आस्था का प्रतीक है।" कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के जयकारे लगाए और एक-दूसरे को प्रसादी बांटी। पूरे नगर में अन्नकूट महोत्सव की चर्चा रही और मंदिर परिसर देर रात तक भक्तों की भीड़ से गूंजता रहा।

# डीकेन में अयोध्यापुरी धर्मशाला के लिए खोखावत परिवार ने किया भूमि दान, पाटीदार समाज ने व्यक्त किया आभार



**नीमच दुनिया |:जावद**। नगर डीकेन में नवनिर्मित होने वाली अयोध्यापुरी धर्मशाला हेतु नगर के प्रतिष्ठित भामाशाह बद्रीलाल खोखावत (बासाब) एवं उनके परिवार द्वारा भूमि दान कर पाटीदार समाज को गौरवान्वित किया गया है। इस पुनीत कार्य के लिए पाटीदार समाज सहित क्षेत्रवासियों ने खोखावत परिवार के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है।समाजजनों ने कहा कि यह अमूल्य योगदान आने वाली अनेक पीढ़ियों तक स्मरणीय रहेगा और समाज सेवा की प्रेरणा देता रहेगा। खोखावत परिवार द्वारा किए गए इस सहयोग की पूरे समाज में प्रशंसा हो रही है।

## भूमिपूजन अवसर पर समाज ने दी शुभकामनाएं

अयोध्यापुरी धर्मशाला के भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है। समस्त समाजजनों ने धर्मशाला के निर्माण कार्य के शुभारंभ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं और इसे समाज की एकता व विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर पाटीदार समाज के सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों ने विश्वास व्यक्त किया कि धर्मशाला का निर्माण समाज की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करेगा। समाज हित में किए गए इस अनुकरणीय कार्य की चारों ओर सराहना हो रही है।

# बाल सुरक्षा में मध्यप्रदेश पुलिस की संवेदनशील और प्रभावी पहल

**नीमच** महिला सुरक्षा शाखा, पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा "मुस्कान विशेष अभियान" दिनांक 01 नवम्बर 2025 से 30 नवम्बर 2025 तक पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है। यह अभियान माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं समाज में महिलाओं और बालिकाओं के प्रति सम्मानजनक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में एक निर्णायक पहल है। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाया जा रहा "मुस्कान विशेष अभियान" राज्य में बाल सुरक्षा के प्रति पुलिस की संवेदनशीलता और जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है। अभियान के अंतर्गत केवल छह दिनों में 314 से अधिक लापता बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब किया गया, जिससे अनेक परिवारों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौट आई है। अभियान का उद्देश्य इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उन गुमशुदा या अपहृत बालिकाओं की खोज कर उन्हें सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुँचाना है।

# 2025 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में करियर कैसे शुरू करें?

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग (ML) दो ऐसे शब्द हैं जिनका इस्तेमाल अक्सर एक-दूसरे के स्थान पर किया जाता है, लेकिन इन दोनों अत्याधुनिक क्षेत्रों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक व्यापक अवधारणा है जो मशीनों द्वारा ऐसे कार्य करने को संदर्भित करती है जिनके लिए आमतौर पर मानवीय बुद्धि की आवश्यकता होती है, उदाहरण के लिए, प्राकृतिक मानवीय भाषा को समझना और वस्तुओं को पहचानना। दूसरी ओर, मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एक उपसमूह है जो मशीनों को डेटा से सीखने और समय के साथ अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने की क्षमता सिखाने पर केंद्रित है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का हमारे जीवन पर पहले से ही गहरा प्रभाव पड़ रहा है, और यह और भी व्यापक होता जाएगा। आज इन तकनीकों का उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसके कुछ रोज़मर्रा के उदाहरण यहां दिए गए हैं:

**स्वायत्त वाहनः**


स्वचालित कारों के विकास में एआई एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, तथा मशीनों का उपयोग कारों को जटिल वातावरण में नेविगेट करना तथा तुरंत निर्णय लेना सिखाने के लिए किया जा रहा है।

धोखाधड़ी का पता लगानाः वित्तीय संस्थाओं द्वारा धोखाधड़ी की गतिविधि का पता लगाने के लिए एआई का उपयोग किया जा रहा है, जैसे कि व्यवहार के असामान्य पैटर्न जो क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी का संकेत दे सकते हैं।

व्यक्तिगत सहायकः सिरी और एलेक्सा जैसे आभासी सहायक एआई द्वारा संचालित होते हैं और हमारी प्राकृतिक भाषा संबंधी प्रश्नों को समझने और उनका उत्तर देने में बेहतर होते जा रहे हैं।

**चेहरा पहचानः** एआई का उपयोग कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सुरक्षा फर्मों, सरकारी एजेंसियों आदि द्वारा बड़ी भीड़ के चेहरों को स्कैन करने और व्यक्तियों की पहचान करने के लिए किया जा रहा है।

जैसे-जैसे ये तकनीकें विकसित होती रहेंगी, आने वाले वर्षों में AI और ML और भी ज़्यादा क्रांतिकारी बदलाव लाएँगे। अगर आप इन अत्याधुनिक तकनीकों में अपने ज्ञान को मज़बूत करना चाहते हैं, तो किसी भी उच्च-स्तरीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स पर विचार करें जो मशीन लर्निंग एल्गोरिदम के साथ-साथ AI कौशल पर भी केंद्रित हो।



### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में करियर

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में करियर आज आपके लिए सबसे ज़्यादा मांग वाले और फ़ायदेमंद करियर विकल्पों में से एक है। प्रभावशाली वेतन और मज़बूत नौकरी वृद्धि अनुमानों के साथ, इस आकर्षक और तेज़ी से बढ़ते क्षेत्र में प्रवेश करने का इससे बेहतर समय कभी नहीं रहा। लेकिन एआई और मशीन लर्निंग में करियर बनाने का असल मतलब क्या है? यहाँ, हम इन क्षेत्रों में उपलब्ध विभिन्न प्रकार की नौकरियों के बारे में जानेंगे और एआई और मशीन लर्निंग में करियर बनाने के लिए आप क्या कर सकते हैं, इस पर भी चर्चा करेंगे। इस तकनीक की अच्छी समझ हासिल करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोजेक्ट्स का अभ्यास करें।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में नौकरियों के प्रकार

एआई और एमएल के क्षेत्र में, उम्मीदवारों के लिए नौकरी के अनगिनत अवसर उपलब्ध हैं। यहाँ कुछ सबसे लोकप्रिय नौकरी भूमिकाएँ दी गई हैं:

**एआई इंजीनियरः**

वे मशीन लर्निंग एल्गोरिदम और डीप लर्निंग न्यूरल नेटवर्क्स की सहायता से जटिल एआई मॉडल विकसित करने, प्रोग्रामिंग करने और प्रशिक्षण देने के लिए ज़िम्मेदार होते हैं। एआई एज़ अ सर्विस कोर्स मुफ़्त में देखें।

**मशीन लर्निंग इंजीनियरः**

वे मशीन लर्निंग मॉडल विकसित करने और उसे लागू करने के लिए जिम्मेदार होते हैं, जिसमें सही एल्गोरिदम का चयन करने से लेकर मॉडल का समर्थन करने वाले बुनियादी ढांचे को डिजाइन करने तक सब कुछ शामिल होता है।

**डेटा साइंटिस्टः**

वे डेटा एकत्र करने, उसे साफ़ करने और उसका विश्लेषण करने के लिए ज़िम्मेदार होते हैं। वे इस डेटा का उपयोग पूर्वानुमान मॉडल बनाने के लिए करते हैं जिनका उपयोग डेटा-आधारित निर्णय लेने के लिए किया जा सकता है।

**अनुसंधान वैज्ञानिकः**

वे वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए मशीन लर्निंग के नए तरीके विकसित करने के लिए ज़िम्मेदार होते हैं। उनकी ज़िम्मेदारियों में नए एल्गोरिदम विकसित करने से लेकर नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग या कंप्यूटर विज़न जैसे मशीन लर्निंग के अनुप्रयोगों पर काम करना शामिल हो सकता है।

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता का भविष्य का दायरा

कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे युग की महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धियों में से एक है। भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के क्षेत्र असीम हैं; इसमें हर उद्योग में क्रांति लाने और हमारी दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने की क्षमता है। भविष्य में, एआई का विकास जारी रहेगा और यह और भी अधिक परिष्कृत होता जाएगा, और यह हमारे आसपास की दुनिया की जटिलताओं को समझने और उनका जवाब देने में और भी बेहतर होता जाएगा। एआई की मदद से, हम दुनिया की कुछ सबसे गंभीर समस्याओं, जैसे जलवायु परिवर्तन, भोजन और पानी की कमी, और बीमारियों से निपटने में सक्षम होंगे।

आज के जॉब मार्केट में सबसे ज़्यादा मांग वाले कौशलों में एआई और मशीन लर्निंग सबसे आगे हैं। फोर्ब्स के एक लेख के अनुसार , अगले पाँच सालों में एआई नौकरियों या मशीन लर्निंग कौशल में 71% की वृद्धि होने का अनुमान है।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में करियर शुरू करना

मैं वर्षों से एक मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ML) पेशेवर के रूप में काम कर रहा हूँ, लेकिन जब मैंने शुरुआत की थी, तो सबसे ज़रूरी शर्त जो मैंने अपनाई थी, वह थी प्रोग्रामिंग कौशल में पूर्ण दक्षता। एक मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के इच्छुक होने के नाते, मुझे C++, Java, Python और R प्रोग्रामिंग भाषाएँ सीखने की ज़रूरत थी। जहाँ C++ इंजीनियरों को कोडिंग प्रक्रिया की गति बढ़ाने में मदद करता है, वहीं Python ने मुझे जटिल एल्गोरिदम को बेहतर ढंग से समझने और बनाने में मदद की। इसलिए, मैंने विभिन्न परियोजनाओं पर काम करना शुरू किया, जिससे मुझे इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ और मेरे रिज्यूमे को उजागर करने में मदद मिली। मैंने दूसरों के साथ भी सहयोग किया है, और इससे मुझे उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खुद को बेहतर बनाने में मदद मिली। एक्सेप्शनल रेज़्यूमे राइटर्स के निदेशक स्टीवन मैककोनेल भी प्रोग्रामिंग कौशल के महत्व को साझा करते हैं: एआई में अपना करियर शुरू करने के लिए पायथन, आर, जावा, या सी++ जैसी प्रोग्रामिंग भाषाएँ सीखना ज़रूरी है। कॉलेज में कंप्यूटर साइंस या सूचना प्रौद्योगिकी का कोर्स करने के अलावा, इन प्रोग्रामिंग भाषाओं से खुद को परिचित रखना भी मददगार होगा। इसलिए, इनका व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए इंटर्नशिप या ऑनलाइन प्रशिक्षण लेना अच्छा हो सकता है।

## सरवानियाँ- महाराज में स्थित सीएम राइज स्कूल के खेल मैदान के भूमि की नीलामी से खरीदने वाले क्रेता रहे सावधान

**ब्यूरो रिपोर्ट-परितोष भाटी सरवानियाँ महाराज।**

नगर में शासकीय हायर सेकण्डरी ग्राम पंचायत के समय का बड़ा खेल मैदान स्कूल रहा है। शासकीय स्कूल के खेल मैदान में नगर परिषद ने गलत जानकारी देकर शासकीय स्कूल की भूमि हाट बाजार के नाम से अनुमति ली। वैसे भी शासन का नियम है कि स्कूल आसपास हाट बाजार नही होना चाहिए। नगर परिषद हाट बाजार की आड़ में स्कूल खेल मैदान की भूमि नीलामी से अनाधिकृत तरीके बेचना चाहती । स्कूल के खेल मैदान भूमि को नीलामी के द्वारा बेचने अधिकार नगर परिषद को कतई नही है। यदि शासकीय स्कूल के खेल मैदान की भूमि कोई नीलामी के द्वारा बेचता या खरीदता और कोई पक्का निर्माण करता है तो आवंटित भूमि अन्य प्रयोजन की श्रेणी में मानी जावेगी और कलेक्टर महोदय के आदेश दिनांक-3-12-2024 के अंतिम पृष्ठ चरण 1,2,3 अनुसार सीधा सीधा उल्लंघन होगा। दस्तावेजो को संकलित कर नगरहित में शासकीय स्कूल के खेल मैदान की भूमि नीलामी बचाने के लिए बहुत जल्द माननीय उच्च न्यायालय खण्ड पीठ इंदौर के समक्ष एक जनहित याचिका प्रस्तुत जावेगी।

## कृषि विभाग द्वारा तीन उर्वरक विक्रेताओं के लायसेंस निलंबित

**नीमच**। उप संचालक कृषि नीमच द्वारा उर्वरक निरीक्षक, मनासा के निरीक्षण में अनियमितताएं पाये जाने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के उल्लंघन करने पर तिरूपति बीज भंडार, प्रोपाईटर-हर्ष ग्रोवर मनासा, मेसर्स- पाटीदार कृषि सेवा केंद्र, मनासा, एवं मेसर्स- श्रीराम खाद बीज भंडार, मनासा के उर्वरक विक्रय लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए है। उप संचालक कृषि नीमच श्री पी.सी.पटेल ने बताया कि उर्वरक निरीक्षक द्वारा उक्त संस्थानों के निरीक्षण में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसका संबंधित द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं पाए जाने पर उक्त तीनों विक्रेताओं के उर्वरक लायसेंस 7 दिवस के लिए निलंबित किए गए है।

## कलेक्टर ने की जनसुनवाई - 82 आवेदकों की सुनी समस्याएं

# जनसुनवाई में कलेक्टर द्वारा सुनीतादेवी को 15 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत

**नीमच**। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा जनसुनवाई में मंगलवार को नीमच निवासी महिला सुनिता देवी को उपचार के लिए 15 हजार रूपये की तात्कालिक आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। साथ ही सी.एम.एच.ओ.नीमच को महिला का निःशुल्क उपचार जिला चिकित्सालय में करवाने और निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। जनसुनवाई में कलेक्टर ने 82 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर जि.प.सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेशसहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसनुवाई में डसानी के देवेन्द्र सिह, सुवाखेडा के मांगीलाल, मोया के घीसालाल, नीमच सिटी की शकुन्तला बैरागी, कुण्डला के दिनेश, अठाना के कल्लू भाई, कचौली के राहुल, अठाना के भगवतसिह, चीताखेड़ा के मांगीलाल, कनावटी के रमेशचंद्र, नीमच के कमल जैन, बरूखेड़ा के मदनलाल, बर्डिया की देवकन्याबाई, बरूखेड़ा के रमेश, पालसोडा के शिवनारायण, नीमच के जितेन्द्र, गिरदौडा के किशनसिह, राजकुंवर, बघाना की इंद्रा देवी, नयागांव के सुरेशचंद्र, ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।इसी तरह गिरदौड़ा के रूपचंद, नयागांव के सत्तु धाकड़, राजू, दडौली




के माणकलाल, नीमच की रईसा, बरूखेडा के भेरूलाल, मालखेडा के ओमप्रकाश, तालखेडा की सरजूबाई, इंदिरा नगर नीमच की राधा, मेहनोत नगर नीमच के शंकरलाल, नीमच की भगवती बाई, खजूरिया की धापूबाईआदि ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए।

# मूलचंद मार्ग पर चलाया विशेष सफाई अभियान

## सीएमओ बामनिया ने शहर में सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण, दिए निर्देश





**नीमच**। नगर पालिका परिषद नीमच ने शनिवार सुबह मूलचंद मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाया! इसी के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया ने अल सुबह शहर में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया व सफाई अमले को आवश्यक निर्देश दिए! विदित हो कि जिले की मासिक समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने सभी निकायों के अधिकारियों -कर्मचारियोंको प्रति शनिवार फील्ड में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने व सफाई व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिये थे! अभियान के तहत 8 नवंबर शनिवार को नगर पालिका द्वारा मूलचंद मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चला कर जेसीबी द्वारा बड़े नाले की सफाई करवाई गई, कचरे के ढेर उठाए गए, आवागमन में बाधित दुकानों व मकानो के बाहर रखा सामान हटवाया गया! मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती बामनिया ने निरीक्षण के दौरान मूलचंद मार्ग के प्रमुख कचरा पॉइंट की व्यवस्था सुधारने हेतु मौके पर ही रेत आदि सामग्री मंगवाकर काम शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

### ड्रेस कोर्ड में रहे सफाई कर्मी

सीएमओ श्रीमती बामनिया ने सफाई कार्य में लगेकर्मचारियों को ड्यूटी समय में कार्य स्थल पर ड्रेस कोड में रहने के साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी व स्वच्छता निरीक्षको को अपने अपने क्षेत्र में सफाई कार्य पर निरंतर नजर रखने एवं कचरा प्वाइंटों से प्रतिदिन समय पर कचरा उठवाने हेतु निर्देश प्रदान किया!

# भारत में हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर नीमच में खेला गया ऐतिहासिक हॉकी मैच



**नीमच** भारत में हॉकी खेल की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को हॉकी ग्राउंड पर एक विशेष मैच का आयोजन किया गया। यह मैच खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर और फीडर सेंटर के खिलाड़ियों के बीच खेला गया, जिसका आयोजन जिला हॉकी संघ नीमच के समन्वय में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत खिलाड़ियों के परिचय से हुई। इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के सचिव बाबूराम छेत्री, कोषाध्यक्ष इम्तियाज खान, धर्मेंद्र गुरुग, फीडर सेंटर कोच परवेज खान, खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर कोच प्रियंका जौहरी सहित कई वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह, अनुशासन और खेल भावना देखते ही बनती थी। मुकाबले रोमांचक रहे, जिसमें दोनों पक्षों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर जिला हॉकी संघ के सचिव बाबूराम छेत्री ने सभी उपस्थित खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेलप्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन में जिलेभर के छात्र खिलाड़ी, प्रशिक्षकगण और खेलप्रेमी मौजूद रहे, जिनकी उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया।

### मैच परिणाम-

**बालिका वर्ग** – फीडर सेंटर टीम विजयी
**बालक वर्ग** – खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर टीम विजेता

# ग्वालटोली बालाजी मंदिर समिति ने दिया ज्ञापन

## मंदिर के सामने सर्विस लाईन बनाने की मांग, विधायक को बताई समस्या



**नीमच** शहर के मध्य से होकर गुजर रहे महू-नसीराबाद हाईवे रोड पर वर्तमान में भाटखेड़ा से डुंगलावदा तक सिटी फोर लाईन का निर्माण कार्य जारी है, जिसके अंतर्गत ग्वालटोली के सामने से भी फोर लाईन का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। ऐसे में ग्वालटोली में स्थित सुप्रसिद्ध श्री विराट विराय मारुति नंदन बालाजी मंदिर के सामने लगभग 500 मीटर के क्षेत्र में सर्विस लाईन का निर्माण करने की मांग करते हुए मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण गुरूवार को विधायक दिलीपसिंह परिहार से मिले। इस मुलाकात में मंदिर समिति द्वारा निर्माणाधीन फोर लेन सड़क की जानकारी एवं आगामी भविष्य में बनने वाली स्थिति से विधायक श्री परिहार को अवगत कराया और सर्विस लाईन के निर्माण हेतु एक ज्ञापन दिया। इस ज्ञापन की प्रति मंदिर समिति द्वारा जिला कलेक्टर, एमपीआरडीसी के प्रमुख, मुख्य नपा अधिकारी नीमच को भी प्रेषित की गई है। इस ज्ञापन में मंदिर समिति ने बताया कि वर्तमान में जनसहयोग से ग्वालटोली बालाजी मंदिर का भी भव्य स्तर पर निर्माण कार्य जारी है, जिसकी योजना भविष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। वर्तमान में मंदिर पर बड़ी संख्या में भक्तजन पूजा-अर्चना के लिए आते हैं एवं मंदिर समिति द्वारा समस्त धार्मिक त्यौहारों का एवं कथाओं का आयोजन वर्षभर किया जाता है जिससे यहाँ निरंतर रूप से जनसमूह इकटठा होता है ऐसे मे फोरलाईन पूर्ण होने के पश्चात् उस पर आवागमन तेज होने की पूर्ण संभावना है जिससे मंदिर के सामने भविष्य में आयोजन के दौरान यातायात अवरूद्ध एवं दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहेगी साथ ही मंदिर परिसर से लगकर एक और धार्मिक संस्था गायत्री प्रज्ञा पीठ का परिसर भी स्थित है जिस पर भी निरंतर धार्मिक आयोजन होते रहते हैं एवं उसके आगे शासकीय माध्यमिक विद्यालय ग्वालटोली स्थित है जिस पर छोटे बच्चे अध्ययन हेतु आते हैं। अतः भविष्य में यातायात अवरूद्ध एवं दुर्घटना की संभावना को ध्यान में रखते हुए शासकीय माध्यमिक ग्वालटोली की सीमा से प्रारंभ करते हुए विराट विराय मारूति नंदन बालाजी मंदिर के परिसर तक सर्विस लाईन का निर्माण करते हुए सर्विस रोड पर डिवाडर एवं रैलिंग का भी प्रावधान किया जाए जिससे कि सड़क की सुंदरता एवं यातायात दबाव एवं दुर्घटना की संभावनाओं को कम किया जा सके। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी किशन खलीफा, लोकेश रियार, नंदलाल बानिये, सोहन हलवाई, प्रहलाद दीवान, रतन सुराह, कुंदन पटेल, मनीष पंवार, पंडित राकेश शास्त्री, पार्षद भारतसिंह अहीर, बबलू रियार, पुष्कर वर्मा, अशोक सुराह, प्रहलाद पटेल, गोविन्द सफा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी श्रवण शर्मा (राज) ने दी।

# कर्नाटक के राज्यपाल महामहिम थावरचंद गहलोत ने नीमच प्रवास के दौरान श्री हरकियाखाल बालाजी के किये दर्शन



**नीमच**। कर्नाटक के राज्यपाल महामहिम थावरचंद गहलोत ने नीमच जिले के प्रवास के दौरान मंगलवार को नीमच जिले के सुप्रसिद्ध बालाजी धाम हरकियाखाल बालाजी मंदिर में भगवान बालाजी की पूजा अर्चना कर बालाजी के दर्शन किए। इस मौके पर नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार, संतोष चौपड़ा, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, निलेश पाटीदार एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक खींची व अन्य जनप्रतिनिधि ने महामहिम राज्यपाल का पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत किया। जिला प्रशासन की ओर से जि.प.सीईओ अमन वैष्णव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिह सिसोदिया, एसडीएम संजीव साहू ने महामहिम राज्यपाल के मंदिर पहुंचने पर अगवानी कर पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि, पंचायतों के पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर द्वारा सडक दुर्घटना में घायल हर्षित के उपचार के लिए 1.50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत




**नीमच**। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा गत दिवस भडभडिया में सड़क दुर्घटना में घायल हुए बालक हर्षित पिता स्व.दशरथ सिह के उपचार के लिए रेडक्रास नीमच से 1.50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन ने बताया,कि रेडक्रास से 1.50 लाख रूपये की सहायता राशि का चेक बालक हर्षित की माता श्रीमती ललीता राठौर को एसडीएम जावद के माध्यम से प्रदान किया गया है।

# बुरी नियत से हाथ पकडने वाले आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास व 1500 रुपयें का अर्थदण्ड

**नीमच**। श्रीमान् आलोक कुमार सक्सेना, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) जिला-नीमच द्वारा बुरी नियत से हाथ पकडने वाले आरोपी गोलू उर्फ मंगल उर्फ पप्पू पिता कन्हैयालाल अहीर, उम्र-35 वर्ष, निवासी- जायसवाल कॉलोनी, बघाना, जिला नीमच को भादवि की धारा 354 सहपठित धारा 3(2)(वीए) एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत 01 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड तथा भादवि की धारा 506 सहपठित धारा 3(2)(वीए) एससी/एसटी एक्ट में 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाली एडीपीओ श्रीमती कीर्ति शर्मा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 26.04.2023 को अभियोक्त्री ने महिला पुलिस थाना नीमच पर उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि वह ग्राम बर्डिया जागीर नीमच सिटी की निवासी होकर मजदूरी का कार्य करती है। वह पहले जायसवाल कॉलोनी बघाना में रहती थी जहां उसके घर के पड़ौस में गोलू अहीर रहता था, जो उसे जानता है कि वह भील समाज की है। दो माह पूर्व से वह अपने पियर ग्राम बर्डिया जागीर रह रही है। गोलू उसे पूर्व से परेशान करता था व उससे कहता था कि उससे बात किया करे। रविवार दिनांक 23.04.2023 की रात्रि 08:00 बजे वह अपने घर के बाहर कुछ काम से गई थी, तब गोलू उसके पीछे-पीछे आया व आते ही उसका बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया और उससे बोला कि वह उससे बात क्यों नहीं करती है, तब अभियोक्त्री ने उससे बोला कि वह उसका हाथ छोड़े नहीं तो वह चिल्लायेगी, तब गोलू जो उसे पहले से जानता था कि वह भील समाज की है, उसे जातिसूचक शब्द बोलकर कहने लगा कि साली भीलड़ी आदिवासी तू ज्यादा भाव खा रही है रूक मैं अभी तूझे बताता हूॅ, तब अभियोक्त्री चिल्लाई तो उसकी माता उसके घर के बाहर आई, तो गोलू डर के कारण वहां से जाने लगा व जाते-जाते बोला की आज के बाद उससे बात करने के लिए मना किया, तो वह अभियोक्त्री को जान से खत्म कर देगा। बाद में उसने उक्त सारी बात उसके पति को बताई थी। वह गोलू की धमकी से डर गई थी, जिस कारण रिपोर्ट करने नहीं आई थी। पश्चात् आज दिनांक को उसकी माता के साथ महिला थाना नीमच रिपोर्ट करने आई है, पुलिस द्वारा आरक्षी केन्द्र महिला पुलिस थाना नीमच पर अपराध क्रमांक-15/2023 पर पंजीबद्ध किया गया। आवश्यक अनुसंधान उपरांत प्रकरण माननीय विशेष न्यायालय, नीमच में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक द्वारा सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ श्रीमती कीर्ति शर्मा द्वारा की गई।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिंटिंग प्रेस स्कीम नम्बर 36 ए कलेक्टर कार्यालय के सामने मुद्रित एवं कास्मो स्कूल के पास इन्दिरा नगर नीमच से प्रकाशित - सम्पर्क 9893796737 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र नीमच रहेगा ।)